द्वितीय असम प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्‌घाटन समारोह में
माननीय राज्यपाल, असम का अभिभाषण

दिनांक **27** मई **2023**, मंगलवार	समय : **3:00 PM**	स्थान : सरुसजाई स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, गुवाहाटी

असम ओलंपिक संघ के महासचिव श्री लक्ष्य कोंवर जी

भारतीय हैंडबॉल संघ के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडे जी

असम सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेशक
श्री प्रदीप तिमुंग जी

असम हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एवं इस लीग के आयोजन सचिव
श्री अमल नारायण पटवारी जी

उपस्थित अतिथिगण, विभाग के अधिकारीगण

तथा इस लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों

सर्वप्रथम असम प्रीमियर हैंडबॉल लीग के दूसरे संस्करण के आयोजन के लिए आप सभी को हार्दिक बधाई और बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

मुझे खुशी है कि असम हैंडबॉल एकेडमी और असम हैंडबॉल संघ द्वारा इस दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है और मुझे इस टूर्नामेंट का उद्‌घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

भारत वर्ष में हैंडबॉल सन् 1955 में प्रारम्भ हुआ। हैंडबॉल फैडरेशन आफ इण्डिया 1955 में अस्तित्व में आई। जगत सिंह लोहान ने देश में इस खेल की नींव रखी थी। उनके प्रयास से मुनिक ओलंपिक के दौरान भारतीय हैंडबॉल महासंघ का गठन हुआ। शुरुआत में हरियाणा, आंद्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, विदर्भ और जम्मू कश्मीर भारतीय हैंडबॉल महासंघ के सदस्य थे। अब यह खेल प्रसिद्धी प्राप्त कर चुका है और पुरुषों और महिलाओं में खेला जाता है।

पूर्वोत्तर भारत में भी यह खेल काफी लोकप्रिय है। मुझे प्रसन्नता है कि असम हैंडबॉल एकेडमी और असम हैंडबॉल संघ राज्य में इस खेल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहे हैं। इसमें असम हैंडबॉल संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्री अमूल्य दास के योगदान को भी नमन करता हूँ। इन्हीं के सद्प्रयासों का फल है कि यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दूसरी बार यहां आयोजित हो रहा है।

मैं मानता हूँ कि यह टूर्नामेंट राज्य के हैंडबॉल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा और क्षमता को प्रदर्शित करने का बड़ा मंच है। आशा करता हूँ कि इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन युवा खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को भी प्रेरित करेगा।

मित्रों,

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह एक साथ खिलाड़ियों को कई चीजें सिखाता है। मेरी दृष्टि में खेल के दो सबसे अधिक महत्वपूर्ण लाभ हैं, एक है अच्छा स्वास्थ्य और दूसरा है शान्त मस्तिष्क।

खेल हमारे खिलाड़ियों को अधिक अनुशासित, स्वस्थ, सक्रिय और समयनिष्ठ बनाता है। इससे हर खिलाड़ी को व्यक्तिगत व पेशेवर जीवन में किसी भी कठिन स्थिति के साथ सामना करने की ताकत मिलती है। यह शरीर व मन की शक्ति और ऊर्जा का स्तर बढ़ा देता है। यह टीम में सहयोग और टीम निर्माण की भावना के विकास के द्वारा सभी को टीम में कार्य करना सिखाता है। यह खिलाड़ियों को साम्प्रदायिक एवं जातिगत भिन्नता को मिटाकर एकता के सूत्र में पिरोने का भी कार्य करता है।

खेलों के प्रति अधिक झुकाव एक खिलाड़ी और एक राष्ट्र दोनों को स्वस्थ और वित्तीय रूप से अधिक मजबूत बनाता है। यही वजह है कि हमारी सरकार इस क्षेत्र में सर्वाधिक ध्यान दे रही है।

मित्रों,

देश में हैंडबॉल के विकास की बेहतरीन संभावनाएं हैं। भारतीय हैंडबॉल महासंघ अपना सराहनीय योगदान दे रहा है। राज्य स्तर पर कई टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। एशियाई खेलों में देश के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन इस क्षेत्र में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न योजनाओं के जरिये सभी खेलों के विकास और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा इसमें तेज गति मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में भी राज्य में विभिन्न खेलों को बढ़ावा मिला है।

हाल के वर्षों में हमने असम के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराते हुए देखा है। हिमा दास, लवलीना बरगोहाईं, शिव थापा, नयनमणि सैकिया, अंकुशिता बोरो कुछ ऐसे नाम हैं, जिन्होंने देश का नाम रोशन किया।

देश के हैंडबॉल खिलाड़ियों में भी प्रतिभा और क्षमता है। इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। इन्हें अच्छा प्रशिक्षण और अधिक से अधिक खेलने का मौका उपलब्ध कराना होगा।

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारतीय हैंडबॉल महासंघ के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडे जी देश में हैंडबॉल के विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूँ। साथ ही मैं असम हैंडबॉल एकेडमी और असम हैंडबॉल संघ को इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूँ।

मुझे बताया गया है कि इस टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। मैं इसमें भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

अंत में, इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद

जय हिन्द ।